राजस्थान सरकार

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयपुर

(जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, 22 गोदाम, जयपुर)

टेलीफैक्स न. 0141–2222403, 2229314 ईमेल-dlbrajasthan@gmail.com

क्रमांक : PSKS/अभियान–21/डीएलबी/2021/21578 दिनांक : 21/10/2021

आदेश

विषयः– "प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021" के दौरान नगरीय निकायों में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु 'मार्गदर्शन समिति' का गठन किये जाने के संबंध में।

राज्य सरकार द्वारा आम जनता को अधिक से अधिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य के नगरीय निकायों में **"प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021"** का मुख्य चरण दिनांक 02.10.2021 से 31.03.2022 तक संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अधिक से अधिक लाभांवित करना तथा उनसे संबंधित प्रकरणों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर राहत प्रदान करना हैं।

इस सम्बन्ध में पट्टा जारी किये जाने में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग की अध्यक्षता में निम्नांकित अधिकारियों की "मार्गदर्शन समिति" का गठन किया जाता है –

1. श्री मनीष गोयल, संयुक्त शासन सचिव (प्रथम), नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. श्री संजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. श्री संजय माथुर, वरिष्ठ सयुंक्त विधि परामर्शी, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. श्री राजेश तुलारा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. श्री सुभाष शर्मा, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, मुख्य नगर नियोजन कार्यालय, राजस्थान।
6. श्री मदन कुमार शर्मा, सलाहकार, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. श्री राजेन्द्र सिंहल, सलाहकार, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।

उपर्युक्त 'मार्गदर्शन समिति' प्रशासन शहरों के संग अभियान–2021 के दौरान आमजन से प्राप्त एवं नगरीय क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु नगरीय निकायों को मार्गदर्शन प्रदान करेगी। Master Plan एवं Zonal Plan से संबंधित समस्याओं के लिए निकाय द्वारा सीधे ही मुख्य नगर नियोजन कार्यालय से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता हैं।

(कुंजी लाल मीणा)
प्रमुख शासन सचिव
नगरीय विकास विभाग एवं आवासन विभाग

(भवानी सिंह देथा)
शासन सचिव
स्वायत्त शासन विभाग

क्रमांक : PSKS अभियान–21 / डीएलबी / 2021 / 21579-832 **दिनांक :** 21/10/2021

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

01. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
02. निजी सचिव, सलाहकार महोदय, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
03. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
04. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
05. निजी सचिव, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
06. मुख्य नगर नियोजक, राजस्थान, जयपुर।
07. आयुक्त, विकास प्राधिकरण, जयपुर / जोधपुर / अजमेर, राजस्थान।
08. समस्त सचिव, नगर विकास न्यास, राजस्थान।
09. समस्त उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान।
10. समस्त आयुक्त / अधिशाषी अधिकारी, नगर निगम / परिषद् / पालिका, राजस्थान।
11. संयुक्त निदेशक, आईटी अनुभाग, निदेशालय को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ करने हेतु।
12. संबंधित अधिकारीगण।
13. रक्षित प्रति।

(दीपक नन्दी)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव